# चित्रकूट पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष कान्त राय के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष रैपुरा एवं उनकी टीम द्वारा खेल मैदान रामनगर रैपुरा में हुई हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

धर्मेन्द्र पुत्र पप्पू निवासी ग्राम ग्राम रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट

संक्षिप्त विवरण- गोलू निषाद पुत्र पप्पू निषाद ने अंकुर विश्वकर्मा पुत्र अशोक विश्वकर्मा उम्र 12 वर्ष को लोहे राड से शराब के नशे में मार दिया। हालत गंभीर होने पर परिजन सी0एच0सी0 अस्पताल रामनगर भेजा था जहाँ उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक की मां रामदुलारी पत्नी अशोक कुमार निवासी रामनगर थाना रैपुरा की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 166/26 धारा 103(1) ,238 ए बीएनएस बनाम 1.गोलू निषाद पुत्र पप्पू निषाद 2.धमेन्द्र पुत्र पप्पू 3.पप्पू पुत्र गयादीन निवासी रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट व 01 अज्ञात पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष रैपुरा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा व उनकी टीम द्वारा 02 अभियुक्तों नाम पता क्रमशः 1.गोलू निषाद पुत्र पप्पू निषाद निवासी रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 2.पप्पू निषाद पुत्र गयादीन निवासी रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। आज दिनाँक 06.06.026 को थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमे के वाँछित अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र पप्पू निवासी ग्राम ग्राम रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.श्री राम सिंह थानाध्यक्ष रैपुरा

2.का0 जयनारायण पटेरिया

3.चालक का0 सन्दीप लोधी

4.रि0का0 सूरज यादव

5.रि0का0 सुनील गुप्ता

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिहं के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यावही के क्रम में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि थाना मानिकपुर अंतर्गत की एक निवासी वादी द्वारा थाना मानिकपुर में सूचना दी गई कि उनकी नाबालिक पुत्री को कुलदीप पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट बहला फुसलाकर ले गया है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मु0अ0स0 169/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर को अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन,अपहृता/पीडिता के बयान अन्तर्गत धारा 180,183 बीएनएसएस व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 65(1) बीएनएस व 4(2) पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गयी तथा आज दिनांक 06.06.2026 को थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपी अभियुक्त कुलदीप पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1. उ0नि0 श्री वंशनारायण सिंह

2. आरक्षी रविन्द्र राठौर

(4). आज दिनाँक 06.06.2026 को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जमीन सम्बन्धित विवाद में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये।

(5). आज दिनाँक 06.06.2026 को अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व श्री चन्द्रशेखर एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकान्त राय अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जमीन सम्बन्धित विवाद में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये।

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री हरी सिंह व उनकी टीम ने 01 अभियुक्ता व 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

संक्षिप्त विवरण-

वादी वासदेव यादव निवासी वीर धुमाई सुर्की थाना सरधुवा द्वारा थाना सरधुवा पर सूचना दी कि उनकी पुत्री निर्मल की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व मानिकपुर थाना की सरैया चौकी की ग्राम पंचायत गढचपा के मजरे कबरा में भोला यादव पुत्र कंधई यादव के तीसरे लडके विनय कुमार यादव से की थी। दामाद विनय कुमार द्वारा उनकी पुत्री से आए दिन दहेज की मांग की जाती थी दामाद विनय आए दिन भाभी के साथ मिलकर मारता पीटता था। इसी से प्रताडित होकर उनकी पुत्री ने फाँसी लगा ली। इस सूचना पर थाना मानिकपुर पर मु0अ0सं0 75/26 धारा 80,85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

आज दिनाँक 06.06.026 को थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 1.विनय कुमार पुत्र भोला प्रसाद यादव नि0 कबरा पुरवा छेरिहाई थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट 2. अभियुक्ता मनीषा देवी पत्नी बाबूलाल यादव नि0 कबरा पुरवा छेरिहाई थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री हरी सिंह

2.रि0म0का0 भारती यादव

3.रि0का0 अभिषेक यादव
4.चालक का0 शरद कुमार सिंह

(7). आज दिनांक 06.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी bharti परीक्षा-2026 को शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने जाने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जनपद के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया । भ्रमण के दौरान परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, कक्षों की व्यवस्था तथा पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया।
उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

(8).आज दिनांक 06.06.2026 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर, चित्रकूट में आयोजित 29वीं प्रयागराज जोन अंतर्जनपदीय वार्षिक फुटबॉल (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का भव्य समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र चित्रकूट धाम श्री राजेश एस0 द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया।
यह प्रतियोगिता दिनांक 04.06.2026 से 06.06.2026 तक आयोजित की गई, जिसमें प्रयागराज जोन के जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा एवं चित्रकूट की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का परिचय देते हुए रोमांचक मुकाबले प्रस्तुत किए।
समापन समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र चित्रकूट धाम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सराहना की।
प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में जनपद प्रयागराज की टीम विजेता तथा जनपद चित्रकूट की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में जनपद प्रयागराज की टीम विजेता एवं जनपद प्रतापगढ़ की टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री यामीन अहमद प्रतिसार निरीक्षक श्री रामशीष यादव,पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पाल तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।